वर्ष 15
अंक 292
8 पृष्ठ
मूल्य 5 रुपये

शनिवार, 4 फरवरी 2023
कोलकाता, चंडीगढ़, नई दिल्ली, **भोपाल,**
मुंबई और लखनऊ से प्रकाशित।

भारत का पहला संपूर्ण हिंदी आर्थिक अखबार www.bshindi.com

# बिज़नेस स्टैंडर्ड



पृष्ठ 2

## एसबीआई का तिमाही मुनाफा सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा

निर्मला सीतारमण पृष्ठ 8

## बजट पर चर्चा के लिए मुंबई पहुंचीं वित्त मंत्री



डॉलर रु. 81.80 ▼ 40 पैसे | यूरो रु. 89.50 ▼ 90 पैसे | सोना (10 ग्राम) रु. 57557 ▼ 1089 रु. | सेंसेक्स 60841.90 ▲ 909.6 | निफ्टी 17854.10 ▲ 243.70 | निफ्टी फ्यूचर्स 17902.20 ▲ 48.10 | ब्रेंट क्रूड 81.50 ▲ 0.10 डॉलर

## एक नज़र

### क्लाउड सेवा शुल्क पर एमेजॉन से कर की मांग

एमेजॉन द्वारा क्लाउड सेवाओं के शुल्क के तौर पर अमेरिका भेजी गई रकम पर भारतीय अधिकारियों ने कर लगाने का निर्णय लिया है। इससे कंपनी को पिछले कुछ वर्षों के दौरान किए गए भुगतान के साथ-साथ कर मद में काफी खर्च करना पड़ेगा। कंपनी ने शेयर बाजार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि वह इस निर्णय को चुनौती देगी। इस निर्णय के बारे में विस्तृत खुलासा किए बिना कंपनी ने कहा कि वह इसका विरोध करेगी लेकिन जब तक मामले का समाधान नहीं हो जाता तब तक उसे कर मद में काफी भुगतान करना पड़ेगा।

### इंडिगो ने कमाया रिकॉर्ड मुनाफा

इंडिगो का परिचालन करने वाली इंटरग्लोब एविएशन का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बढ़कर 1,422.6 करोड़ रुपये हो रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 129.8 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। इस दौरान कंपनी की कुल आय बढ़कर 15,410.2 करोड़ रुपये हो गई। पृष्ठ 2

**आज का सवाल**

**क्या सरकार के सहारे से वोडा आइडिया की सुधरेगी सेहत**

**www.bshindi.com पर राय भेजें।**

आप अपना जवाब एसएमएस भी कर सकते हैं। यदि आपका जवाब हां है तो **Y** और यदि न है तो **N** लिखकर 57007 पर भेजें।

**पिछले सवाल का नतीजा**

क्या ग्रामीण बाजार में सुधर रही एफएमसीजी उत्पादों की मांग?

हां 79% | नहीं 21%

# बिकवाली नरम, बाजार हुआ गरम

## सेंसेक्स 909 अंक चढ़कर 60,842 पर बंद, निफ्टी में भी 244 अंक की बढ़त

**सुंदर सेतुरामन**
मुंबई, 3 फरवरी


अदाणी समूह के शेयरों में कई दिन से चल रही तेज बिकवाली आज नरम पड़ी तो बेंचमार्क सेंसेक्स ने 11 नवंबर के बाद एक दिन की सबसे बड़ी छलांग मार ली। अमेरिका में साल के अंत तक ब्याज दरों में कमी आने की उम्मीद बढ़ने से भी निवेशकों का हौसला मजबूत हो गया, जिसका असर यहां शेयरों पर दिखा।

लगातार पांच दिन बढ़त में रहने वाला सेंसेक्स 909 अंक या 1.52 अंक चढ़कर 60,842 पर बंद हुआ। अदाणी समूह के दो शेयर निफ्टी 50 में हैं, जिनकी वजह से इस हफ्ते सूचकांक में काफी उथल-पुथल देखी गई। मगर हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज निफ्टी 2,434 अंक चढ़कर 17,854 पर बंद हुआ। पिछले तीन दिन में निफ्टी पहली बार बढ़त पर बंद हुआ।

अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर आज 2.2 फीसदी गिरकर 1,531 रुपये पर बंद हुआ। सुबह कारोबार के दौरान यह 1,017 रुपये तक लुढ़क गया था। अदाणी पोर्ट्स ऐंड सेज भी बिल्कुल नीचे पहुंचकर वहां से 23.5 फीसदी उछला और कारोबार की समाप्ति पर कल के मुकालबे 5.6 फीसदी चढ़कर 488 रुपये पर बंद हुआ। दो वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने आज कहा कि अदाणी समूह का बाजार पूंजीकरण आठ कारोबारी सत्र में आधे से ज्यादा साफ हो जाने के बाद भी उसकी साख पर तत्काल कोई प्रभाव पड़ता नहीं दिख रहा है। इससे भी बाजार को हौसला मिला। 24 जनवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद से अदाणी समूह के शेयर लगातार लुढ़क रहे थे। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार गौतम अदाणी शेयर गिरवी रख लिए कुछ कर्ज समय से पहले चुकाने के लिए ऋणदाताओं से बात कर रहे हैं। इससे समूह की वित्तीय स्थिति पर लोगों का भरोसा बना रहा। अदाणी टोटाल गैस, अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी पावर, अदाणी ट्रांसमिशन और अदाणी विल्मर दिन में निचले सर्किट (5 फीसदी या 10 फीसदी) को छू गए। अंबुजा सीमेंट्स में 6 फीसदी और एसीसी में 4.4 फीसदी की बढ़त रही। समूह के बाजार पूंजीकरण में आज 34,000 करोड़ रुपये की कमी आई और पिछले आठ दिन में उसका कुल बाजार पूंजीकरण 9 लाख करोड़ रुपये घट गया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### अदाणी शेयरों में थमी बिकवाली

- अदाणी के शेयरों की बिकवाली हल्की पड़ने से बढ़ा निवेशकों का हौसला
- अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर शुक्रवार को 2.2 फीसदी गिरकर 1,531 रुपये पर बंद हुआ
- एसऐंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अदाणी पोर्ट्स और अदाणी इलेक्ट्रिसिटी के परिदृश्य को ऋणात्मक कर दिया है



### बैंकिंग क्षेत्र मजबूत बना हुआ है: आरबीआई

अदाणी समूह को बैंकों से दिए गए कर्ज पर चिंता के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान मूल्यांकन के अनुसार बैंकिंग क्षेत्र मजबूत बना हुआ है। पूंजी पर्याप्तता, संपत्ति की गुणवत्ता, नकदी, प्रावधान प्रसार और लाभप्रदता से संबंधित विभिन्न मानदंड अच्छी स्थिति में हैं। साथ ही कंपनियों को बैंकों द्वारा दिया गया कर्ज तय मानक के अंदर ही हैं। हालांकि बैंकिंग नियामक ने अदाणी समूह का नाम नहीं लिया। अदाणी समूह में बैंकों के करीब 80,000 करोड़ रुपये लगे हैं, जिनमें भारतीय स्टेट बैंक का 27,000 करोड़ रुपये का कर्ज शामिल है। पृष्ठ 3

# शेयर में बदलेगा वीआई का बकाया ब्याज

**एजेंसियां**
नई दिल्ली, 3 फरवरी

**वित्तीय** संकट से जूझ रही दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया ने आज कहा कि सरकार ने कंपनी को 16,133 करोड़ रुपये के ब्याज बकाये को इक्विटी यानी शेयरों में बदलने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने एक्सचेंजों को दी नियामकीय जानकारी में कहा कि सरकार को 10 रुपये अंकित मूल्य पर 16,133 करोड़ रुपये के शेयर जारी किए जाएंगे।

कंपनी ने कहा, 'संचार मंत्रालय ने इस बारे में आज आदेश दिया है। इसमें कंपनी को स्पेक्ट्रम नीलामी की टाली गई किस्तों के बकाया ब्याज और सकल समायोजित राजस्व (एजीआर) के बकाये को शेयरों में बदलकर सरकार को जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।'

वोडाफोन आइडिया को यह राहत सितंबर, 2021 में सरकार द्वारा दूरसंचार क्षेत्र के लिए घोषित सुधार पैकेज के तहत मिली है। कंपनी ने बताया, 'कुल 16,133 करोड़ रुपये की राशि को इक्विटी शेयरों में बदला जाएगा। कंपनी को 10 रुपये अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर जारी करने का निर्देश दिया गया है, जिनका निर्गम मूल्य भी 10 रुपये है।' बकाये को शेयर में बदलने से सरकार को वोडाफोन आइडिया में तकरीबन 33 फीसदी हिस्सेदारी मिल जाएगी।



### सरकार को मिलेंगे कंपनी के शेयर

- सरकार ने कंपनी को 16,133 करोड़ रुपये के ब्याज बकाये को शेयर में बदलने का निर्देश दिया
- सरकार को 10 रुपये अंकित मूल्य के शेयर जारी करेगी कंपनी

bob World | बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**पंजीकृत कार्यालय:** बड़ौदा हाउस, पोस्ट बॉक्स नं. 506, मांडवी, बड़ौदा - 390 006
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** सी-26, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400 051

- सबसे तेजी से बढ़ता बैंक
- दूसरा विशालतम पीएसयू बैंक

कुल व्यवसाय ₹20.7 लाख करोड़ — 18.5% वर्ष दर वर्ष
निवल लाभ ₹3853 करोड़ — 75.4% वर्ष दर वर्ष
ऑर्गेनिक रिटेल लोन — 29.4% वर्ष दर वर्ष
एनएनपीए — 0.99%

**31 दिसंबर, 2022 को समाप्त तिमाही / नौ माह के लिए गैर-लेखापरीक्षित (समीक्षित) स्टैंडअलोन/समेकित वित्तीय परिणाम**

(₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वर्ष |
| | | 31.12.2022 | 31.12.2021 | 31.12.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2022 | 31.12.2022 | 31.12.2021 | 31.12.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2022 |
| | | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 2709209 | 2048226 | 7029164 | 6066883 | 8136473 | 3035267 | 2207299 | 7824992 | 6530973 | 8778019 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/ (हानि) (कर पूर्व, अपवादात्मक और/ या असाधारण मदें) | 582826 | 297629 | 1307447 | 748768 | 938644 | 617934 | 329229 | 1346865 | 799825 | 1000830 |
| 3 | अवधि के लिए कर पूर्व निवल लाभ/ (हानि) (अपवादात्मक और/ या असाधारण मदों के बाद) | 582826 | 297629 | 1307447 | 748768 | 938644 | 617934 | 329229 | 1346865 | 799825 | 1000830 |
| 4 | अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/ या असाधारण मदों के बाद) (नोट 2 का संदर्भ लें) | 385274 | 219703 | 933429 | 549351 | 727228 | 430566 | 246375 | 965003 | 581814 | 784969 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल हैं] | नोट 3 का संदर्भ लें | | | | | | | | | |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 |
| 7 | आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) | | | | | 7778738 | | | | | 8371723 |
| 8 | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | 3131215 | 3131215 | 3131215 | 3131215 | 3131215 | 3143095 | 3147057 | 3143095 | 3147057 | 3143095 |
| 9 | निवल मालियत | 7312334 | 6116051 | 7312334 | 6116051 | 6129873 | 7811338 | 6612553 | 7811338 | 6612553 | 6587468 |
| 10 | प्रदत्त कर्ज पूंजी/बकाया कर्ज** | 2311150 | 2341050 | 2311150 | 2341050 | 2283750 | 2349694 | 2379552 | 2349694 | 2379552 | 2340352 |
| 11 | बकाया प्रतिदेय अधिमानी शेयर | लागू नहीं | | | | | | | | | |
| 12 | कर्ज इक्विटी अनुपात * | 0.45 | 0.52 | 0.45 | 0.52 | 0.53 | 0.50 | 0.55 | 0.50 | 0.55 | 0.56 |
| 13 | प्रति शेयर अर्जन (प्रति ₹ 2/- का) (चालू और बंद परिचालनों के लिए) - (वार्षिकीकृत नहीं है) मूल (₹ में) डाइल्यूटेड (₹ में) | 7.45 | 4.25 | 18.05 | 10.62 | 14.06 | 8.33 | 4.76 | 18.66 | 11.25 | 15.18 |
| 14 | पूंजीगत मोचन आरक्षित निधि | लागू नहीं | | | | | | | | | |
| 15 | डिबेंचर मोचन आरक्षित निधि | लागू नहीं | | | | | | | | | |

* कर्ज एक वर्ष से अधिक की अवशिष्ट परिपक्वता वाली उधार राशि को दर्शाता है. ** प्रदत्त कर्ज पूंजी/ बकाया कर्ज बैंक द्वारा जारी किए गए टियर-I एवं टियर-II बॉन्ड को दर्शाता है.

**नोट:**
1) उपर्युक्त आंकड़े सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियम 33 और 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के पास प्रस्तुत किए गए समाप्त तिमाही/नौ माह के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश हैं. समाप्त तिमाही/नौ माह के वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com, www.nseindia.com और बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर उपलब्ध है.
2) संबंधित अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ /(हानि) में सहयोगियों से अर्जित आय का हिस्सा शामिल है एवं इसमें माइनॉरिटी ब्याज शामिल नहीं है.
3) कुल व्यापक आय एवं अन्य व्यापक आय से संबंधित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है, क्योंकि आईएनडी-एएस अभी तक बैंक पर लागू नहीं हुआ है.

स्थान : मुंबई
दिनांक : 03.02.2023

ललित त्यागी, कार्यपालक निदेशक | जयदीप दत्ता राय, कार्यपालक निदेशक | देबदत्त चांद, कार्यपालक निदेशक | अजय के. खुराना, कार्यपालक निदेशक | संजीव चड्ढा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी